**खबर संक्षेप**

### हिरदागढ़ में विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश कुमार जैन के तत्वाधान में जिले भर में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं को आज विकासखंड जुन्नारदेव में विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हिरदागढ़ में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत हिरदागढ़ में सबसे पहले सामूहिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें हरियागढ़ किले के प्रमुख आकर्षणों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को तवा नदी उद्गम, काली कंकाली माता मंदिर, चंडी माता मंदिर, हरियागढ़ किले के भग्नावशेष और प्राचीन खंडहर, खप्पर दाई का ठाना, देवगढ़ किले की सुरंग, प्राकृतिक गुफाएं तथा राजा जाटवा कालीन ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन औषधियों, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी कला-संस्कृति की जानकारी भी दी गई।

### सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विकासखंड चौरई में आज मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत कक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों का सामूहिक सत्र लिया। सत्र के दौरान जिला समन्वयक श्री जैन ने पाठ्यक्रम आधारित बिंदुओं एवं फील्ड वर्क असाइनमेंट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पाठ्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से समाज में जागृति लाना तथा लोगों में स्वप्रेरणा की भावना विकसित करना आवश्यक है, ताकि वे स्वयं के साथ अपने ग्राम के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि यदि पाठ्यक्रम को समझकर नई दिशा में कार्य किया जाए, तो निश्चित ही निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

### पर्यटन ग्राम देवगढ़ में हुआ पारंपरिक तरीके से स्वागत

# होम स्टे देख प्रफुल्लित हुए जनजातीय कार्य मंत्री डॉ.शाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रविवार प्रातः पर्यटन ग्राम देवगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए होम स्टे का अवलोकन किया। होम स्टे को देखकर वे प्रफुल्लित हुए। देवगढ़ पहुंचने पर उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ.शाह ने करीब एक घंटे से अधिक समय होम स्टे में बिताया और यहां आने वाले पर्यटकों तथा उन्हें दिए जाने वाले अतिथि सत्कार के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान होम स्टे संचालिका श्रीमती कविता देवी सिंह धुर्वे ने उन्हें बताया कि यहां आने वाले पर्यटकों को परोसे जाने वाले भोजन की अधिकांश सब्जियां हितग्राही जैविक तरीके से अपने घरों में ही उगाते हैं। साथ ही यहां पर्यटकों को किफायती दामों पर ताजे फल और सब्जियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं, जिन्हें वे खरीदकर अपने साथ घर भी ले जाते हैं।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ.शाह ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से पर्यटकों के लिए संचालित अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। होम स्टे में नाश्ते के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को देवगढ़ और पर्यटन के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण मिलकर पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करें और बेहतरीन अतिथि सत्कार प्रदान करें, ताकि देवगढ़ का नाम पर्यटन के नक्शे में प्रमुखता से लिया जा सके और यहां पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो।

होम स्टे भ्रमण के दौरान जनजातीय कार्य मंत्री डॉ.शाह के साथ नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके, जय भवानी पर्यटन समिति के सदस्य तथा बैक टू विलेज संस्था से श्री राजेंद्र पाठे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से पर्यटन ग्राम देवगढ़ में वर्तमान में 12 होम स्टे संचालित किए जा रहे हैं, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ग्रामीण आतिथ्य के कारण पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।


## जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने देवगढ़ किले का किया भ्रमण

**छिंदवाड़ा।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने अपने छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जिले की ऐतिहासिक धरोहर देवगढ़ किले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने किले की ऐतिहासिक महत्वता को देखते हुए इसके संरक्षण, सौंदर्यीकरण तथा बेहतर रख-रखाव के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने जनजातीय कार्य मंत्री डॉ.शाह को किले की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा संरक्षण कार्यों के बारे में जानकारी दी। मंत्री डॉ. शाह ने किले परिसर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने, आवश्यक मरम्मत कार्य कराने तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किले तक पहुंचने वाले मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए, ताकि पर्यटकों और आगंतुकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ.शाह ने कहा कि देवगढ़ का किला गोंड राजाओं की समृद्ध शासन व्यवस्था, वीरता और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थल कभी गोंड शासन की प्रमुख राजधानी के रूप में प्रसिद्ध था और यहां की ऐतिहासिक धरोहरें उस गौरवशाली इतिहास की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रदेश सरकार इनके संरक्षण तथा पर्यटन विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिले का देवगढ़ किला ऐतिहासिक और स्थापत्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह किला गोंड शासनकाल में निर्मित हुआ था और लंबे समय तक गोंड राजाओं की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध रहा। पहाड़ी की चोटी पर स्थित यह किला रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था, जहां से आसपास के क्षेत्र की निगरानी की जा सकती थी। किले परिसर में प्राचीन महल, मंदिर, जल संरचनाएं और परकोटे आज भी उस समय की स्थापत्य कला और समृद्ध शासन व्यवस्था की झलक प्रस्तुत करते हैं।

### देवगढ़ स्थित जय मां भवानी मंदिर में किए दर्शन

देवगढ़ प्रवास के दौरान मंत्री डॉ. विजय कुंवर शाह ने देवगढ़ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध जय मां भवानी मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्थल क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान उनके साथ नगर निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहके, देवगढ़ के राजाओं के वंशज परिवार से राजे वीरेंद्र शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

# सांदीपानी स्कूल में वनोपज देने वाले महुआ पेड़ों को केमिकल से सुखाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया प्राकृतिक द्वारा दी गई वन संपदा से हरा भरा है, लेकिन पिछले कुछ बरसों से इस हरियाली के दुश्मन पेड़ काटकर इनका विनाश करने अब हरे भरे पेड़ शासकीय संस्थाओं में भी काटे जाने लगे हैं जो चिंता का विषय है।

ऐसा ही नजारा इन दिनों तामिया शांदी पानी स्कूल मै देखने मिल रहा है कि अनावश्यक रूप से 40 नीलगिरी के पेड़ काट कर नीलाम कर दिए गए क्योंकि इनको काटने अनापत्ति पंचायत देती है, लेकिन इसी परिसर में बैडमिंटन हाल के सामने वनोपज देने वाले महुआ के पेड़ जिनको काटने की अनुमति कलेक्टर भी नहीं देते क्योंकि यह प्राकृतिक द्वारा प्रदान किए गए हैं। इनको नर्सरी में नहीं पैदा किया जा सकता। इन दिनों स्कूल प्रबंधन ने इन पेड़ों को नष्ट करने का नायाब तरीका खोजा है कि इन्हें केमिकल द्वारा सुखाकर नष्ट किया जाए। इसका ज्वलंत उदाहरण बैडमिंटन हाल के सामने अनावश्यक रूप से ठेकेदार द्वारा मिट्टी खोदी गई है जिससे महुआ के पेड़ो की जड़े कमजोर हुई और वह सूखने लगे, वहीं एक पेड़ को केमिकल के माध्यम से सुख दिया गया इस तरह तामिया शांदी पानी स्कूल में वनोंपज देने वाले पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है तो समझा जा सकता है कि इस स्कूल प्रबंधन से पर्यावरण का संदेश किस तरह दिए जाता है। यह इस परिसर में महुआ के पेड़ों को नष्ट किए जाते देखा जा सकता है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को इन पेड़ों को नष्ट करने वालों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे भविष्य में कोई केमिकल के माध्यम से वनोंपज एवं फल देने वाले वृक्षों को नष्ट ना कर सके। क्योंकि शासकीय संस्था में पेड़ों का नष्ट होना पर्यावरण के संदेश के लिए एक बड़ा धक्का है।

## सांसद विवेक बंटी साहू ने दी मां कर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** भक्ति, सेवा एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति, भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी जी की जयंती के अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में सांसद श्री साहू ने तैलिक वंश की आराध्य देवी मां कर्मा जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा है कि मां कर्मा का जीवन हमें यह सीख देता है कि सच्चे मन से की गई सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति होती है और सच्ची भक्ति और मेहनत से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जी साहू समाज की आस्था, भक्ति और सेवा की प्रतीक हैं। माता कर्मा जी का जीवन सादगी, समर्पण और प्रभु भक्ति का अद्भुत उदाहरण है ।

## सांसद ने सांसद निधि से रंगमंचों के निर्माण के लिए स्वीकृत किए 12 लाख

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू जहां छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिलों में मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान देते हुये केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत करा रहे है। साथ ही वे अपनी सांसद निधि से भी विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाकर प्रारंभ भी किए जा चुके है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू साहू ने मंडल अध्यक्षों की अनुशंसा पर 11 रंगमंचों के निर्माण कार्य के लिए अपनी सांसद निधि से 12 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। सांसद बंटी विवेक साहू ने विभिन्न 19 रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख की राशि स्वीकृत की है। जिसमें मंडल अध्यक्ष गगन गिरिराज घटकड़े की अनुशंसा पर मोहखेड के वार्ड नंबर 19 में रंगमंच निर्माण के लिए 50 हजार, ग्राम खेड़ी में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम दरगूढाना में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, उमरानाला नाका मोहल्ला में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम तुर्कीखापा में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार, ग्राम मउ में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, मंडल अध्यक्ष मदन राय की अनुशंसा पर ग्राम केरिया में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख 25 हजार, ग्राम सिरेगांव में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख 25 हजार का निर्माण होगा।

# हनुधाम मंदिर किशनपुर में श्रीराम कथा का होगा आयोजन



**बिछुआ।** श्री हनुधाम मंदिर समिति किशनपुर के सौजन्य से पंचदिवसीय श्री रामकथा का दिव्य आयोजन होने जा रहा है,जिसको लेकर मंदिर समिति के सदस्यों की अहम बैठक रविवार को संपन्न हुई,जिसमें श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, ज्ञात हो कि श्री राम कथा एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र धार्मिक कार्यक्रम होता है, जो हिन्दू धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत मायने रखता है। इसमें भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्श, और रामायण के घटनाक्रम को कथा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।इसमें कथावाचक श्रीराम की कथा सुनाते हैं, जिनमें उनके जन्म से लेकर लंका विजय तक के प्रसंगों का विवरण दिया जाता है। पंच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ 29 मार्च से होगा एवं समापन 2 अप्रैल को होगा।

## हिंदू उत्सव समिति ने आज घर-घर बांटे आमंत्रण



**तामिया।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी तामिया में उत्साह के साथ मनाया जाएगा! हिंदू उत्सव समिति इस अवसर पर शहर में चल समारोह भी निकालती है! इस रामनवमी पर होने वाले आयोजनों को लेकर समिति द्वारा पूरी तैयारी कर रखी है! कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श करने समिति की बैठक हो चुकी है! पार्टी पदाधिकारीयो ने बतलाया की होने वाले रामनवमी उत्सव की बैठक में धार्मिक हिंदूवादी संगठन शामिल है!और कार्यक्रम को लेकर सभी से विचार विमर्श के बाद आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा चुका है! उत्सव समिति अध्यक्ष विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद आज रामनवमी उत्सव के लिए आमंत्रण पत्र घर-घर जाकर समिति सदस्यों ने आमंत्रण पत्र दिए गए! यह सिलसिला हर घर में आमंत्रण देने का चलता रहेगा! इस तरह इस वर्ष भी तामिया में रामनवमी जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके लिए समिति कृत संकल्पित है!

## ग्रामीण जनों को दी जैविक खेती की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** प्राक्रतिक संतुलन को बनाये रखने के लिए हम सभी को मिलजुल कर प्रयास करना होगा । ,जिस प्रकार हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए अच्छा खानपान ओर आयुर्वेद दवाओ ओर घरेलू उपचार करते हे उसी तरह से खेतो को स्वस्थ रखने के लिए जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए । इन विषयों की जानकारी देने के लिए म.प्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन एवं कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही आत्मा परियोजना के द्वारा छिंदवाड़ा विकास खंड के सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम सुसरई मे जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्ग दर्शन में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने ग्रामीण जनो की बैठक ली गई ।बैठक मे आत्मा परियोजना की सेक्टर समन्वयक ने जैविक खेती को बढावा देने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराते हुये बताया की जैविक खाद् हम प्राक्रतिक संसाधनो के अतिरिक्त नीम की पत्तिया,खेतो से निकलने वाले खरपतवार , गोबर खाद, केचुआ खाद् नाडेप से त्यार की खाद् ,का उपयोग कर हम कम लागत पर अच्छी फसल ले सकते है जिसके सेवन से हमे ओर मृदा को स्वस्थ रख सकते हे । साथ ही जैविक खाद् त्यार करने के लिए परियोजना से जुड़े क्रषको को खाद बनाने की विधि भी बताई जाती हे ,सभी कृषको से अपील की हे की आप कम से कम आधा एकड़ से एक एकड़ जमीन मे जैविक खेती करे । परामर्शदाता श्यामल राव ने किसानों से चर्चा कर बताया की किसान जैविक कृषी कर अपने अच्छे स्वास्थ्य को अच्छा रखने के साथ फसल एवं बीज का विक्रय कर अधिक आर्थिक लाभ कमा सकता हे ओर उन बीजो को दोबारा बोने मे भी उपयोग कर सकता हे । प्रत्येक किसान आरगनिंग खेती ओर रसायनिक खेती से पैदा होने वाली हर फसलों का तुलनात्मक अध्ययन करें।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर चौरसिया समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

### सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु रहे उपस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चौरसिया समाज की महत्वपूर्ण बैठक आज चौरसिया मंगल भवन छिंदवाड़ा में संपन्न हुई।समाज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया ने बताया कि आने वाले दिनों में रामनवमी पर्व है और इसी दिन चौरसिया समाज के द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली जाती है जो कि शहर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए छोटी बाजार श्री राम मंदिर में पहुंचकर रैली का समापन होता है और दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम चंद्र जी का जन्म महोत्सव मनाने के पश्चात चित्रांश भवन में सामाजिक बंधुओं का भोजन होता है।एवं रात्रिकालीन समय चौरसिया समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न होता है। जिसके चलते आज जिले भर के चौरसिया सामाज के बंधुओं के साथ समाज की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में सभी जिम्मेदार लोगों को रैली और सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर कार्य भार सौंपा गया साथ ही सारे कार्यक्रमों में समाज के लोग बढ़चढकर हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की चर्चा की गई जिसको लेकर आज सभी उपस्थित सदस्यों की मौजूदगी में संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई।

# जामसांवली मंदिर पहुंचे राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी

### सौंसर में कार्यकर्ताओं से की संगठन विस्तार की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी अपने पांढुर्णा सौंसर प्रवास के दौरान संगठन को मजबूती देने और आगामी प्रशिक्षण शिविरों की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान सौंसर में चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया।

छिंदवाड़ा संभाग के भाजपा संगठन प्रभारी के नाते श्री सोलंकी ने पांढुर्णा और सौंसर विधानसभा क्षेत्रों में मैराथन बैठकें कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।रविवार को जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के साथ सांसद सोलंकी ने पारडी रोड पर भाजपा जिला कार्यालय हेतु आवंटित भूमि का निरीक्षण किया।

इसके पश्चात उन्होंने प्रसिद्ध चमत्कारी जामसांवली हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन करते हुए मंदिर पदाधिकारी से निर्माण कार्यों यहां पर होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा की। सौंसर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री सोलंकी ने कहा, ₹संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को धरातल पर उतारना ही हमारा ध्येय होना चाहिए।

पार्टी की नीतियां और मंशा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचनी चाहिए। दिल्ली रवाना होने से पूर्व श्री सोलंकी ने पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नाना मोहोड से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड, चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट अजय धवले जिला उपाध्यक्ष श्रीमती माया राउत, महामंत्री देवेंद्र गायकवाड़, अनिल कुमरे, नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, मोरेश्वर मर्सकोले, विवेक गायकवाड़, सोनू राउत आदि थे।

### खाली हाथ घर लौटे गैस उपभोक्ता, अब चूल्हा जलाने को मजबूर उपभोक्ता

# गैस की किल्लत : घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिली गैस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत अब आम जनता के सब्र का इम्तिहान ले रही है। रविवार को सौंसर के वार्ड क्रमांक 15 (मोक्षधाम के सामने) एचपी गैस सिलेंडर पाने के लिए सुबह से कतारों में खड़े सैकड़ों उपभोक्ताओं को उस समय भारी निराशा हाथ लगी, जब घंटों इंतजार के बाद भी गैस की गाड़ी नहीं पहुंची।

अव्यवस्था और एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह 8:30 बजे से ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुष अपने खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग गए थे। दोपहर 12:30 बजे तक चिलचिलाती धूप में खड़े रहने के बावजूद छिंदवाड़ा से गैस की गाड़ी नहीं आई।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने कई बार गैस एजेंसी और गाड़ी चालक को फोन लगाया, लेकिन किसी ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। अंततः थक-हारकर लोगों को खाली सिलेंडर के साथ वापस घर लौटना पड़ा।उपभोक्ताओं ने चर्चा के दौरान अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि सौंसर क्षेत्र में एचपी गैस का कोई स्थाई अधिकृत कार्यालय नहीं है, जिसके कारण छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी भटकना पड़ता है।

गैस की गाड़ी सप्ताह में केवल एक दिन आती है, जिससे मांग पूरी नहीं हो पाती,बुकिंग या पूछताछ के लिए एजेंसी से संपर्क करना नामुमकिन जैसा हो गया है। कई उपभोक्ताओं ने कनेक्शन ट्रांसफर के लिए आवेदन दे रखे हैं, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई, जिससे उन्हें बार-बार लाइनों में खड़ा होना पड़ता है।

गैस वितरण की इस लचर प्रणाली से परेशान वार्डवासियों ने मांग की है कि सौंसर में नियमित वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्थानीय स्तर पर एक शिकायत केंद्र या कार्यालय खोला जाए ताकि उपभोक्ताओं को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान न होना पड़े।

**गैस सिलेंडर संकट पर फूटा युवक कांग्रेस का गुस्सा, नाले पर किया प्रतीकात्मक प्रदर्शन**

# गैस सिलेंडर संकट पर फूटा युवक कांग्रेस का गुस्सा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति संकट को लेकर युवक कांग्रेस चौरई ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नगर में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आम जनता को राहत देने की मांग की विरोध प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ता नगर के एक नाले पर पहुंचे और प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व में नाले से गैस बनाने संबंधी बयान को लेकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने नाले के पास सिलेंडर जलाकर गैस बनाने का प्रयास कर केंद्र सरकार की नीतियों पर कटाक्ष किया और बढ़ती महंगाई तथा गैस संकट को लेकर आक्रोश जताया कार्यक्रम में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की कमजोर और अदूरदर्शी नीतियों के कारण देश में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। इसका सीधा असर आम लोगों की रसोई और जेब दोनों पर पड़ रहा है।ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष सचिन वर्मा ने कहा कि रसोई गैस जैसी जरूरी वस्तु की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रित करने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है।

उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर भी सरकार अंकुश लगाने में नाकाम रही है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो युवक कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर व्यापक जन आंदोलन करने को मजबूर होगी इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ ठाकुर, प्रशांत शर्मा, प्रमेन्द्र साहू, अंजली सोनी, रामू वर्मा, विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू पटेल, शिशुपाल पटेल, कन्हैया वर्मा, शहीद मंसूरी, चंद्रजीत ठाकुर, दीनदयाल उइके, अरविंद दहिया, संजय डेहरिया, अभिनाश शर्मा, प्रदीप सानोडिया, नूतन प्रकाश, चेतन शर्मा, सूर्य ठाकुर, दिलीप वर्मा, प्रमोद वर्मा, सुकेंद्र उइके, भगत रघुवंशी, अनवर मंसूरी, मुकेश वर्मा, सरूप वर्मा, राहुल वर्मा, गगन वर्मा,शुभम सनोड़िया, संजू वर्मा, राजा चंद्रवंशी, लला जैन, अभिषेक वर्मा सहित युवक कांग्रेस, कांग्रेस और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुचारु वितरण के निर्देश, घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर सख्ती

**जुन्नारदेव** : अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कामिनी ठाकुर की अध्यक्षता में गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में तहसीलदार राजेंद्र टेकम कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुमित चौधरी मुकेश बंदेवार ऑपरेटर खाद्य विभाग तथा क्षेत्र की विभिन्न गैस एजेंसियों के संचालक एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।बैठक में एसडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर सुचारु रूप से उपलब्ध कराए जाएं तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।एसडीएम द्वारा सभी गैस एजेंसियों के प्रबंधकों और संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान या केटरिंग कार्य में नहीं होने दिया जाए। साथ ही मैरिज गार्डन और शादी समारोहों में घरेलू या कमर्शियल गैस सिलेंडर के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन जैसे डीजल बर्नर, हीटर, सोलर एवं इंडक्शन के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही गई।इसके अलावा सभी गैस एजेंसियों में बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। एजेंसियों में गैस की पर्याप्त मात्रा होने की सूचना दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से भी प्रकाशित कराई जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

## आधार फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**छिंदवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन छिंदवाड़ा में आधार एवं सक्षम द्वारा समाज सेवी महिलाओं के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें पूरे जिले से 55 समाजसेवी महिलाओं को समाज सेवा के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया।सुंदर आयोजन की मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा की बेटी छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया जी उइके, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंत्री गरिमा प्रतीक दामोदर एवं संतोषी गजभिए उपस्थित रहीं वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की।जिनका आधार की संचालिका श्रीमती सरिता पांडे एवं सक्षम के जिलाध्यक्ष इंजीनियर महेश किंथ सहित दिव्यांग बच्चों ने आत्मीय अभिनंदन किया।सभा का सुंदर संचालन सहायक प्राध्यापक डॉक्टर कविता पराग जैन एवं श्रीमती पूजा राजपूत एफडीडीआई द्वारा किया गया। इस अवसर पर आधार फाउंडेशन की दिव्यांग बेटियों सहित शिक्षिकाओं ने सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया। सफल एवं सुंदर आयोजन की मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने सराहना की एवं कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक राज जैन ने सम्माननीय अतिथियों सहित मीडिया के साथ आधार एवं सक्षम का आभार माना ओर सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देकर छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का अनुनय किया।इनका हुआ अभिनंदन -इस अवसर पर प्राची तिवारी, दीपिका कराडे, कविता सरोदे, आरती दुबे, डॉ अरुणिमा धुर्वे, मन जैन, दीप्ति नाग, कंचन हरसूले, प्रणीता पाल, डॉ. अंजलि यादव, शैली थॉमस सोलोमन, ज्योति सिरोहिया, मंच संचालिका डॉ. कविता जैन सहायक प्राध्यापक, पूजा राजपूत एफडीडीआई, प्रीति भोजने, वंदना भाटपागर, कविता मालवीय, भारतीय वैष्णव, नीतू मस्तकार आदि मौजूद रहे।


## छोटे से गांव पेटदेवरी की बेटी बनी डॉक्टर, केमिस्ट्री में हासिल की पीएचडी

**सिंगोड़ीः** सीमित संसाधनों और छोटे से ग्रामीण परिवेश के बावजूद ग्राम पेटदेवरी की बेटी डॉ. भारती डेहरिया ने अपनी मेहनत और लगनता से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से केमिस्ट्री में पीएचडी प्राप्त कर संपूर्ण ग्राम, समाज और पूरे छिंदवाड़ा जिले का नाम गौरवान्वित किया है।अमरवाड़ा तहसील (जिला छिंदवाड़ा) अमरवाड़ा के ग्राम पेटदेवरी की निवासी डॉ. भारती डेहरिया स्वर्गीय रमेश डेहरिया (पूर्व पोस्टमास्टर) एवं राधा डेहरिया की सुपुत्री हैं। उन्होंने केमिस्ट्री विषय में शोध कार्य करते हुए डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।पीएचडी के दौरान उनके शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हुए हैं तथा उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। उनकी वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए उन्हें एम.पी. यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में **Fellowship for Training of Young Scientists** से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने मध्यप्रदेश सेट परीक्षा भी उत्तीर्ण किया है। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम पेटदेवरी सहित संपूर्ण समाज और पूरे छिंदवाड़ा जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।



## महिला रोजदारों के लिए रखा इफ्तार का प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



बरकतों और रहमतों वाले मुकद्दस महीने रमजान के 25 वा रोजे के शुभ अवसर पर जनाब सोनू ऑटो पार्ट्स वालों की ओर अपने घर पर महिला रोजदारो के लिए इफ्तार का प्रोग्राम रखा गया जिसमें सैकड़ो महिलाएं पुरुष सम्मिलित हुए और रोजा इफ्तार किया। कल मनाई जाएगी शबे ए कद्र जामा मस्जिद सिंगोड़ी सहित रजोला , पिंडरई डवीर,खकरा चौरई की मस्जिदों रंग बिरंगी लाइटो से सजाया गया है।मस्जिदों व घरों में रात भर चलेगा इबादत का दौर , आपको बता दें कि शब-ए-बारात मुस्लिम समुदाय के लिए काफी महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें मस्जिदों व घरों में रात भर इबादत का दौर चलता रहता है। शब-ए-बारात मुस्लिम समुदाय के लिए काफी महत्वपूर्ण पर्व माना जाता हैं। दरअसल, इस पर्व को क्षमा की रात के रूप में मनाते हैं। इस दिन अल्लाह से क्षमा मांगने के साथ अपनी पूर्वजों की क्रबों के पास जाकर दुआ मांगते हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं कि उन्हें जन्नत नसीब हो। इस साल शबे ए कद्र ,16 , मार्च सोमवार को मनाई जा रही है। इस दौरान सिंगोड़ी राजोला पिंडरई डवीर ,खाकरा चौरई की मस्जिदों साजसज्जा हुई वही मस्जिद में बालो के लिए विशेष इंतजाम इंतेजामिया कमेटी के द्वारा किया गया है। वही देर रात तक मस्जिदों में मिलाद शरीफ तथा इबादत चलेगी,आज की रात मुसलमानों के लिए मगफिरत की रात होती है।

## जन्मदिन बना पर्यावरण संरक्षण का पर्वः रवि नारनौरे ने किया वृक्षारोपण

### 26वें जन्मदिन पर 26 पौधे रोपकर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश, युवाओं ने बढ़ाया हाथ

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेनेगांव में युवाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण की एक प्रेरणादायी पहल सामने आई है। ग्राम के युवा रवि नारनौरे ने अपने 26वें जन्मदिन को खास और यादगार बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर 26 पौधों का रोपण किया तथा गांव के लोगों को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस सराहनीय पहल से गांव के युवाओं में भी प्रकृति के प्रति जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्पवृक्षारोपण के दौरान रवि नारनौरे ने कहा कि जल, जीवन और हरियाली के साथ ही विश्व कल्याण का आधार वृक्ष हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। रवि नारनौरे की यह पहल केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि वे पिछले छह वर्षों से लगातार यह अभियान चला रहे हैं। कोरोना महामारी के समय शुरू किया गया यह अभियान आज भी निरंतर जारी है और हर वर्ष पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।युवाओं ने दिया साथ, पौधों का वितरण भी कियाकार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए वृक्षारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही लोगों को पौधे वितरित कर उन्हें घरों और खेतों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम बेनेगांव के पूर्व सरपंच हेमराज सुरखुरी, अंकित बुढावने, राजू सिरसे, अनिकेत कबीरे, राहुल धमने, विपेश बुढावने, अंकित सिरसे, मुकेश बुढावने, गुलशन नारनौरे, कृष्णा बुढ़ावने, निकेश बुढावने और आकाश सिरसे सहित कई युवाओं की उपस्थिति रही। इन सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्राम के युवाओं का नारा है कि- ठाना है, पर्यावरण स्वच्छ बनाना है, इस कार्यक्रम में पूरी तरह जीवंत नजर आया और यह पहल क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायी

**खराब हैंडपंपों से निकले सरकारी पाइप पहूंच रहे कबाड़ी की दुकानों तक**

## लांजी में हैंडपंप पाइप घोटाला! एसडीओ रविन्द्र हट्टेवार पर संरक्षण देने के लग रहे आरोप

### ग्रामीणों में आक्रोश- जांच के बाद एफआईआर की तैयारी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले के लांजी क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग एक बड़े घोटाले को लेकर सुर्खियों में आ गया है। आरोप है कि खराब पड़े हैंडपंपों से निकाले गए सरकारी लोहे के पाइप विभागीय स्टोर में जमा होने के बजाय सीधे कबाड़ी की दुकानों में बेचे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले में विभाग के एसडीओ रविन्द्र हट्टेवार पर संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप का कहना है कि जहां एक तरफ गांवों में लोग पेयजल के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी पाइप खुलेआम कबाड़ में बेचे जा रहे हैं। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार पीएचई विभाग ने हैंडपंपों की मरम्मत के लिए मैकेनिक तैनात किए हुए हैं। नियमों के मुताबिक खराब हैंडपंपों से निकाले गए पाइप विभागीय कार्यालय में जमा किए जाने चाहिए, लेकिन आरोप है कि ऐसा नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि निकाले गए पाइपों को लांजी क्षेत्र के ग्राम बिसोनी में संचालित रामकुमार नामक कबाड़ी की दुकान में ऐसे सैकड़ों पाइप औने-पौने दामों पर बेच दिया जाता है। ग्राम बिसोनी में संचालित उक्त कबाड़ी की दुकान में ऐसे सैकड़ों पाइप बेचे जाने की बात सामने आई है। इस खुलासे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है।

बिसोनी और आसपास के गांवों के लोगों का कहना है कि जब भी कोई हैंडपंप खराब होता है तो वे तुरंत पीएचई विभाग को सूचना देते हैं, लेकिन अक्सर अधिकारियों द्वारा यह कहकर मरम्मत टाल दी जाती है कि जिले से पाइप उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एक तरफ पाइप की कमी का बहाना बनाया जाता है, वहीं दूसरी तरफ वही सरकारी पाइप कबाड़ी की दुकानों में बिकते दिखाई दे रहे हैं। इससे कई गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।


स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा खेल विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा एसडीओ रविन्द्र हट्टेवार के संरक्षण में चल रहा है। हालांकि मामला सामने आने के बाद पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.एल. उईके ने कहा है कि यदि विभागीय सामग्री के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सरकारी संसाधनों की इस बंदरबांट पर रोक लगाने की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।

#### इनका कहना है

मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मेरे संज्ञान में आई है। यदि कहीं भी विभागीय सामग्री का दुरुपयोग या अनियमितता पाई जाती है तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए जांच दल गठित किया जाएगा और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बी.एल. उईके, कार्यपालन यंत्री**
**पीएचई विभाग बालाघाट**

### मिरगपुर में 27 मार्च को बाबा ताजउद्दीन औलिया का सालाना उर्स मुबारक



**खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर में कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैय्यद मोहम्मद बाबा ताजउद्दीन औलिया का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक का आयोजन 26, 27 मार्च को होगा। बताया गया की 26 मार्च गुरुवार को बाबा ताजउद्दीन औलिया के चिल्ला शरीफ पर गुसल, फातिहा, परच कुशाई व विधि विधान अनुरूप पूंजन किया जाएगा तथा 27 मार्च शुक्रवार को श्रदालुओ के द्वारा शंदल शरीफ निकालकर गांव का गस्त करते हुए बाबा ताजउद्दीन औलिया के आस्ताने में पहुंचकर कर चादर फातिहा पेश कर लंगर तकसीम किया जाएगा। जिसके बाद रात्री में कव्वाली की शानदार प्रस्तुती दि जाएगी, जिसमे कव्वाल इफ्तेखारी ब्रदर्स मुंबई के द्वारा सुफयाना कव्वाली पेश की जाएगी।

## धर्मांतरण के नाम पर हंगामाः दोनों पक्षों को पुलिस ने थाने लाया, जांच विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में कथित धर्मांतरण के आरोप में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़े तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के अलावा कुछ स्थानीय लोगों ने रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 12 छतेरा में एक घर में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। विरोध करने वाले लोगों ने क्रिश्चियन धर्म को मानने वाले लोगों के द्वारा की जा रही प्रार्थना सभा पर आपत्ति जताई और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल यानी जिस घर में प्रार्थना हो रही थी वहां डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मचारी की मौजूदगी में जमकर जय श्री राम के नारे लगाए गए। हिंदू धर्म के मानने वाले लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि क्रिश्चियन धर्म को मानने वाले लोगों के द्वारा उनके धर्मांतरण का विरोध करने पर भगवान श्री राम और राम भक्त हनुमान को गाली दी गई। जिसके बाद हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों में भयंकर गुस्सा देखा गया। गुस्साई भीड़ उस घर के भीतर प्रवेश करने की कोशिश करने लगी जहां प्रार्थना हो रही थी। ऐसे में डायल 112 में तैनात पुलिस जवान ने थाने से सपंर्क कर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया। पुलिस ने प्रार्थना कराने के लिए नागपुर से आए पास्टर (आराधक) मनोज बोपचे और अन्य लोगों को अपने साथ सुरक्षित थाना लाया। वहीं प्रार्थना सभा में विरोध करने वाले लोगों को भी थाने बुलाया गया। दोनों ही पक्ष थाने पहुंचे जहां उनके कथन दर्ज किए गए। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के मुताबिक यह बात साबित नहीं हो पाई की प्रार्थना सभा में मौजूद लोगों के द्वारा किसी को प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण करवाया गया प्रार्थना सभा में मौजूद तमाम लोगों ने बताया कि वह स्वेच्छा से प्रार्थना सभा में एकत्रित हुए।

वार्ड क्रमांक 12 छतेरा निवासी सोमकुमार उर्फ सोनू ठाकरे का परिवार करीब 10-12 वर्षों से क्रिश्चियन धर्म का अनुसरण कर रहा हैं। बीते कुछ वर्षों से उनके निवास पर प्रत्येक रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन होता है। रविवार 15 मई की सुबह करीब साढ़े 10 बजे प्रार्थना सभा हुई जैसे ही यहां क्रिश्चियन धर्म के अनुयायी पहुंचे और प्रार्थना शुरू हुई। प्रार्थना के शुरू होते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी और स्थानीय लोग यहां पहुंचकर हंगामा करने लगे। जिन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर प्रार्थना सभा के बहाने धर्मांतरण करवाया जा रहा है। हिंदू धार्मिक संगठन के पदाधिकारियों ने ही पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। बजरंग दल प्रखंड संयोजक निक्की ठाकुर के अनुसार उन्हें स्थानीय लोगों से शिकायत मिली थी कि सोनू ठाकरे के यहां बीते कुछ महीनों से प्रार्थना सभा में धर्मांतरण होता है और पीछे एक चर्च की स्थापना हो रही है। जिसकी थाने में सूचना की गई थी और आज यहां देखने के लिए आए थे कि यहां क्या हो रहा है तो यहां मौजूद महिलाओं ने हिंदू धर्म के भगवान को गाली-गलौज की गई। जब उनसे पूछा गया कि क्या किसी को धर्मांतरण करने के लिए प्रलोभन दिया गया और चर्च बनाना गलत बात है तो वह यह नहीं बता पाए कि किसे धर्मांतरण के लिए प्रलोभन दिया गया और उन्होंने पूरे दावे के साथ कहा कि यहां चर्च बनने नहीं दिया जाएगा। इसी वार्ड के सुभाष खड़से ने भी आरोप लगाया कि यहां धर्मांतरण होता है लेकिन किसी प्रलोभन दिया गया वह भी यह बात नहीं बता पाए। प्रार्थना सभा में आने वाली एक महिला अनुयायी माधुरी नागवंशी जो पेशे से एक शिक्षक है उन्होंने बताया कि उन्हें किसी प्रकार का कोई प्रलोभन नहीं दिया गया बल्कि स्वेच्छा से आ रही है। उनके जीवन में कोई परेशानी आने के बाद उन्होंने क्रिश्चियन धर्म को चुना। प्रार्थना सभा में बीसापुर से आने वाली ममता ठाकरे ने भी बताया कि उन्हें किसी प्रकार का कोई प्रलोभन नहीं दिया गया वह भी स्वेच्छा से ही क्रिश्चियन धर्म की अनुयायी बनी है।



यह भी जान लीजिए-

भारतीय संविधान के तहत धर्म की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 25-28) है, जो हर नागरिक को अपनी पसंद का धर्म मानने, उसका पालन करने और प्रचार करने की पूरी आज़ादी देता है। वहीं किसी को धर्म बदलने के लिए मजबूर करने, बहलाने-फुसलाने या लालच देने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है और भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 298/302 में अपराध पंजीबद्ध होता है।

#### इनका कहना है-

धर्मांतरण कराने की पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई थी जब दोनों ही पक्षों से कथन लिए गए तो यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई कि किसी को पैसों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाया जा रहा था। प्रार्थना सभा में आने वाले लोगों से भी बातचीत की गई।

**धमेन्द्र कुसराम**
**थाना प्रभारी कटंगी**

# वैनगंगा उद्गम स्थल पर 3.05 करोड़ के निर्माण में गड़बड़ी के आरोप

## चार माह से चल रहा काम, सूचना पटल गायब; घटिया निर्माण और खुले कुंड से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले की जीवनदायिनी वैनगंगा नदी के उद्गम स्थल पर पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 3 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार उद्गम स्थल के विकास के लिए स्वीकृत यह निर्माण कार्य पिछले करीब चार माह से जारी है, जिसका भूमि पूजन सिवनी विधायक द्वारा किया गया था। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े बजट के बावजूद निर्माण स्थल पर आज तक सूचना पटल तक नहीं लगाया गया, जिससे आम लोगों को यह तक पता नहीं चल पा रहा कि कार्य किस विभाग के माध्यम से और किस लागत से कराया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य पेटी ठेकेदारी व्यवस्था के तहत कराया जा रहा है। पेटी ठेकेदार संदीप मर्सकोले (निवासी गोपालगंज) ने बताया कि उन्होंने यह काम पेटी में लिया है, जबकि मुख्य ठेकेदार भोपाल के खान ठेकेदार हैं। स्थल पर शौचालय, डिसेल्टर, बाउंड्री वॉल, कुंड की खुदाई, पेड़ों के चबूतरे, करीब 15 प्लांटर और लगभग 30 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। पेड़ों के लिए बनाए गए चबूतरों में अब तक पानी की तराई नहीं की गई, जिससे सीमेंट और निर्माण सामग्री हाथ लगाने पर ही झड़ने लगी है। इससे निर्माण की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



सबसे चिंताजनक बात यह है कि उद्गम स्थल पर करीब 7 फीट गहरा कुंड खोदकर खुला छोड़ दिया गया है। यहां रोजाना श्रद्धालु, पर्यटक और बच्चे पहुंचते हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इसे ढका नहीं गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य गेट से सीसी सड़क बनाने की बात कही गई थी, लेकिन सड़क कहीं और बना दी गई। उस पर भी पानी की तराई नहीं होने से सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

इस मामले में पेटी ठेकेदार का कहना है कि स्थल पर पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण तराई नहीं हो पा रही है, वहीं कुंड भी फिलहाल खुला पड़ा हुआ है।



इधर ग्रामीणों का कहना है कि पर्यटन विभाग के एसडीओ सोमपाल लोधी (जबलपुर) का मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा और वे किसी को नंबर देने से मना कर रहे हैं। वहीं निर्माण कार्य की निगरानी सब इंजीनियर ऋषि कुमार श्रीवास्तव, पर्यटन विभाग बालाघाट द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों ने पर्यटन विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की तत्काल जांच कराई जाए, गुणवत्ता की जांच हो और निर्माण स्थल पर सूचना पटल लगाकर पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि करोड़ों की लागत से बन रहे इस कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप

### मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम मानेगांव में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और मर्ग कायम कर मामले की पड़ताल कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मोहगांव निवासी 55 वर्षीय नंदू परते, पिता स्वर्गीय रूपलाल परते के रूप में हुई है। वो मजदूरी करता था। रविवार, 15 मार्च की सुबह कुछ ग्रामीण टहलने निकले थे। उन्होंने गांव के पास स्थित एक आम के पेड़ की डाली पर साड़ी के फंदे से लटका एक शव देखा। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना अन्य लोगों को दी।

सूचना मिलने पर किंदरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

परिजन से हो रही पूछताछ

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया किप्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### जिले में बढ़ रहा फसल विविधीकरण, किसान तिलहन फसलों की ओर हो रहे प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रयासों से जिले में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। किसानों को पारंपरिक खाद्यान्न फसलों के साथ तिलहन फसलों की ओर भी प्रेरित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। इसी क्रम में सिवनी विकासखंड के ग्राम थांवरी के कृषक श्री सतीश डहेरिया द्वारा गेहूं फसल के साथ लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में सूरजमुखी की फसल लगाई गई है। वहीं ग्राम थांवरी की कृषक श्रीमती सुषमा राजेश वरकड़े द्वारा गेहूं के साथ तिलहन फसल कुसुम को लगभग 8 एकड़ क्षेत्र में बोया गया है। इसके अलावा कृषक श्रीमती कांति बाई सूर्यवंशी ने भी लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में सूरजमुखी की फसल लगाई है।

### ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण एवं एग्री-स्टेक की दी गई जानकारी

**सहरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा की उपस्थिति में आज दिनांक 15 मार्च 2026 को कृषि क्षेत्र में लागू की जा रही डिजिटल व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी साझा की गई।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण की व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस प्रणाली से उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे किसानों को समय पर आवश्यक उर्वरक उपलब्ध हो सकें।

### संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तृतीय चरण अंतर्गत 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय क्षेत्रों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं, लंबित आवेदनों एवं शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 मार्च को मिशन ग्राउंड सिवनी, 18 मार्च को जनपद पंचायत केवलारी, 23 मार्च को तहसील ग्राउंड छपारा, 24 मार्च को जनपद पंचायत लखनादौन, जनपद पंचायत बरघाट तथा खेल ग्राउंड कुरई में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 25 मार्च को धनोरा तथा 26 मार्च को घंसौर में शिविर लगाए जाएंगे।

इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निराकरण करेंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित तिथि एवं स्थान पर आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें।

## शिव पुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का अंतिम दिवस, कल हवन-पूजन एवं विशाल भंडारा

# कथा के समापन दिवस पर भगवान शिव की महिमा, भक्ति और मानव कल्याण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के मरझोर स्थित शिवनगर के शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव पुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस की कथा में भगवान शिव की महिमा और उनकी भक्ति का महत्व विस्तार से बताया गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव अत्यंत भोले और दयालु हैं, वे अपने भक्तों की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर उनके कष्टों को दूर कर देते हैं।

अंतिम दिवस की कथा में बताया गया कि भगवान शिव सृष्टि के संहारक ही नहीं बल्कि कल्याणकारी भी हैं। जो भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ शिव का स्मरण करता है, उसके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं। शिव पुराण हमें सत्य, करुणा, दया और धर्म के मार्ग पर




चलने की प्रेरणा देता है।

कथा व्यास ने कहा कि जीवन में अहंकार का त्याग कर भगवान शिव की भक्ति करनी चाहिए। शिव भक्ति से मनुष्य को आत्मिक शांति, सुख और मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिव पुराण की कथा सुनने और उसका चिंतन करने से मनुष्य के पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

कथा के दौरान बड़ी संख्या पत्रकारो सहित अन्य गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिसमें किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शिव सनोदिया, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, रमेश सनोदिया जिला अध्यक्ष ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोदिया,गणेश मंदिर के पुजारी पंडित हरि प्रसाद तिवारी, शिवदयाल सनोदिया,जी एन तिवारी, मानसिंह चंद्रवंशी, अखिलेश शिवहरे, अनिल दानोदिया, समिति अध्यक्ष राधेश्याम सनोदिया, कोषाध्यक्ष मनोज चंदेल, रेवाराम विश्वकर्मा ,छविलाल , यजमान साधुलाल धुर्वे सरस्वती धुर्वे, और पूरे वातावरण में हर-हर महादेव के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा।

आयोजक समिति ने बताया कि कथा समापन के अवसर पर कल हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

# जिला 31 जुलाई तक जल अभावग्रस्त घोषित

**संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने संपूर्ण सिवनी जिले को 15 मार्च 2026 से 31 जुलाई 2026 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। यह आदेश म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (संशोधित 2002) की धारा 3 के अंतर्गत जारी किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों का जल स्तर लगातार कम हो रहा है। भू-जल के अत्यधिक दोहन तथा निजी नलकूपों की अधिक गहराई तक खुदाई के कारण शासकीय पेयजल स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट की संभावना है।

जारी आदेशानुसार सक्षम अनुमति के बिना किसी भी सार्वजनिक जल स्त्रोत जैसे नदी, नाले, बंधान, स्टॉपडेम, जलाशय, सार्वजनिक कुओं आदि से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसी प्रकार कलेक्टर अथवा प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति या संस्था नया नलकूप खनन नहीं करा सकेगी।

इसी तरह नलजल योजनाओं से जल प्रदाय के दौरान घरों में मोटर पंप लगाकर प्रेशर से पानी खींचने पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसी स्थिति पाए जाने पर ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय मोटर पंप जब्त करने की कार्रवाई कर सकेंगे। जल संरक्षण और पेयजल के समुचित उपयोग के लिए ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर द्वारा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को विशेष परिस्थितियों में नलकूप खनन, गहरीकरण अथवा साफ-सफाई की अनुमति देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी घोषित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 9 के तहत दो वर्ष तक के कारावास अथवा दो हजार रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकेगा। यह आदेश 15 मार्च 2026 से 31 जुलाई 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

# 56 समितियों से कराई ताखलाकलां समिति के गबन की भरपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

समिति में जन उपार्जन के दौरान सामने आए भवन के मामले में किसानों के बकाया भुगतान के लिए करीब 145 करोड़ स्था जिले की 56 सहकारी समितियों से कराया। यह मामला अब प्रदेश की विद्यानसभा तक पहुंच गया है जहा बालाघाट विद्यायक ने मामले को उठाया जानकारी के अनुसार मार्च 2024 में जिले की डिफाल्टर ताखलाकला सहकारी समिति को धान उपार्जन का कार्य सौंपा गया था। उस समय जिला उपार्जन समिति में शामिल अधिकारियों-जिला सहकारी बैंक प्रबंधक केके सोनी, उपयुक्त सहकारिता पुष्पेंद्र कुशवाह और खाद्य विभाग के अधिकारी शैलेश मिश्रा-द्वारा खरीदी की जिम्मेदारी समिति को थी। बताया जाता है कि शेष राशि का भुगतान जिला उपार्जन समिति के स्तर पर जिले की 56 सहकारी समितियों के धान कमीशन मद से कराया गया। इन समितियों से कराए गए भुगतान की वापसी कब और किस प्रक्रिया से होगी, इसे लेकर गई स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस मामले को लेकर बालाघाट विधायक मधु भगत ने विधानसभा में के प्रश्न उठाया है। वहीं सिवनी विधायक दिनेश के राय मुनमुन ने कहा कि वे मामले को इन मुख्यमंत्री मोहन यादव के संज्ञान में लाकर सी कार्रवाई की मांग करेंगे।

### 6661.90 क्विंटल धान में पाई गई थी गड़बड़ी

धान खरीदी के दौरान समिति प्रबंधक सत्यनारायण बघेल द्वारा लगभग 90 किसानों की 6661.90 क्विंटल धान में गड़बड़ी सामने आई। इस धान की कीमत करीब पौने दो करोड़ रुपए बताई गई। मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने अरी थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धान से भरे दो ट्रक जब्त किए। बाद में धान की नीलामी कराई गई, जिससे प्राप्त 8 लाख 75 हजार 363 रुपए किसानों को भुगतान किए गए। इसके बाद भी लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की राशि किसानों को देय थी।

# श्रीमाता राज राजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च को होगी मनोकामना कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पावन चैत्र नवरात्रि पर्व के आयोजन को लेकर दिनाँक 9/03/2026 को जिला ब्राह्मण समाज प्रबंध कार्यकारणी की महत्तवपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी जी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कार्यक्रम को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए पदाधिकारियों को प्रभार दिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयानुसार- प्रतिवर्षानुसार श्रीमाता राजराजेश्वरी मंदिर नंदिकेश्वर धाम में माँ भगवती के जवारे व मनोकामना कलश स्थापित किए जायेंगें। जिसके लिए सर्व सहमति से आचार्य पं. सूर्यकांत चतुर्वेदी को पुरोहित एवं पं. संतोष अवस्थी को मुख्य यजमान बनाया गया। प्रबंध समिति द्वारा आयोजन के सुचारू रूप से संचालन के लिए अन्य प्रभारी नियुक्त किए गए जो कि इस प्रकार है कलश प्रभारी पं. विकास तिवारी+919131914714, श्रीमती गीता अवस्थी +919424327398 (कलश राशि 1100, घृत कलश की राशि 3100?) निर्धारित है (घृत पृथक से उपलब्ध कराने पर कलश राशि 500? ली जायेगी) 2. कलश स्थापन प्रभारी- श्री ओम प्रकाश तिवारी, श्री रूपनारायण अवस्थी, श्री अशोक अवस्थी, श्री राजेन्द्र दुबे 3. पूजन प्रभारी- श्रीमती शैल दुबे, श्रीमती राधिका दुबे, श्रीमती ज्योति भार्गव, श्रीमती पूजा तिवारी, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, श्रीमती नीतू मिश्रा, श्रीमती श्रद्धा मिश्रा 4. नित्य भजन/जस प्रभारी- श्रीमती शकुनतला तिवारी, श्रीमती सरला उपाध्याय, श्रीमती राम प्यारी मिश्रा, श्रीमती सत्यभामा उपाध्याय, श्रीमती सविता तिवारी, श्रीमती हेमलता मिश्रा, श्रीमती छाया पाठक, श्रीमती मंजू अवस्थी 5. नित्य सहस्त्र अर्चन प्रभारी- श्रीमती अरविंदजा दुबे +919424759647, श्रीमती दुर्गेश्वरी शर्मा +918770757212, श्रीमती नीतू दुबे 8989187200, श्रीमती राजेश्वरी दुबे 6. देवी श्रृंगार प्रभारी- श्रीमती मीनाक्षी तिवारी, श्रीमती रानी शुक्ला, श्रीमती अनामिका मिश्रा, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती राममणि तिवारी, श्रीमती शीला तिवारी, श्रीमती संगीता तिवारी 7. मंदिर साज-सज्जा प्रभारी- श्री अखिलेश पांडे, श्री संदीप उपाध्याय, श्री अंकित दुबे, श्री विनायक शर्मा, कु. अरुणि दीक्षित, श्रीमती सुधा शुक्ला 8. क्रय-विक्रय प्रभारी- श्री जुगल किशोर दुबे, श्री अशोक तिवारी 9. स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था प्रभारी- श्री पिंकी त्रिवेदी, श्री गोलू मिश्रा, श्री विक्रांत दुबे 10. नित्य प्रसादी व्यवस्था- श्रीमती तरुण लता चतुर्वेदी, श्रीमती मंजू दुबे +919993741643, 9425821996 , श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती मंजू तिवारी 11. हवन पूजन प्रभारी- श्री सौरभ शुक्ला, श्रीमती मोनिका शुक्ला, डॉ. अभिषेक शुक्ला, श्री संदीप दुबे, श्रीमती सुषमा तिवारी 12. नित्य संध्या आरती प्रभारी- श्री श्याम सुंदर पांडे, श्री ताराचंद दुबे, श्री नंद कुमार उपाध्याय, श्री शिवकुमार तिवारी, डॉ.दिनेश शर्मा, श्री हीरामन तिवारी, श्री महेंद्र मिश्रा, श्री संतोष अवस्थी, श्री विनोद मिश्रा, श्री आशुतोष शर्मा 13. कलश विसर्जन प्रभारी- श्री अजय मिश्रा, श्री भुवनेश्वर शुक्ला, श्री रविंद्र तिवारी, श्री प्रमोद झा, श्री पुष्प राज दुबे, श्री राजेश नारायण पाठक 14. भंडारा व्यवस्था प्रभारी- श्री प्रशांत शुक्ला +919340284951, श्री अशोक मिश्रा, श्री पप्पू पांडे, श्री अशोक पांडे मनोकामना कलश, सहस्त्र अर्चन अथवा अन्य व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने के लिए भक्त जन प्रभारी गणों से संपर्क कर सकते हैं।

# वाहन चेकिंग के दौरान हादसा, एएसआई को लगी टक्कर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक हादसा हो गया। खैरी टेक के पास चेकिंग के दौरान ड्यूटी पर तैनात यातायात थाना सिवनी के एएसआई शत्रुघ्न चौरिया को एक दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एएसआई के सिर में गंभीर चोट आई है और उनका जिला अस्पताल सिवनी में उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरी टेक पॉइंट पर यातायात पुलिस द्वारा नियमित वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक दोपहिया वाहन चालक को रुकने का इशारा किया गया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान वाहन चालक संतुलन नहीं बना सका और एएसआई शत्रुघ्न चौरिया से टकरा गया।

टक्कर लगने से एएसआई सडक़ पर गिर पड़े और उनके सिर में चोट लग गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल सिवनी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार एएसआई की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

घटना के बाद पुलिस ने संबंधित दोपहिया वाहन चालक को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

इधर इस घटना के बाद वाहन चेकिंग की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहन चेकिंग के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम और सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## न्याय और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस की पहल

# समाज की सहभागिता और मानवीय दृष्टिकोण से ही प्रभावी होगी पुलिसिंग व न्याय व्यवस्था : डीजीपी कैलाश मकवाणा

न्याय तक पहुँच को सुलभ बनाने तथा सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस के सामुदायिक पुलिसिंग विंग द्वारा भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (**BSSS**) के समाज कार्य विभाग, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (**UNFPA**) तथा कोडी इंस्टीट्यूट के सहयोग से 10 एवं 11 मार्च 2026 को भोपाल में दो दिवसीय 'संबल 2026 : सोशल वर्क एंड कम्युनिटी पुलिसिंग फोरम' का आयोजन किया गया।

इस मंच के माध्यम से पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अकादमिक विशेषज्ञों एवं नागरिक समाज संगठनों को एक साझा मंच प्रदान किया गया, जहाँ न्याय, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में 'सृजन' संस्था के बच्चों द्वारा प्रेरक पावर वॉक प्रस्तुत की गई, जिसमें बेटियों की सशक्त भूमिका का संदेश दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव, नशा मुक्ति, महिला अपराधों की रोकथाम तथा सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर प्रभावी संदेश दिया गया। भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. फादर जॉन पी.जे. ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सामाजिक कार्य और पुलिसिंग के समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

डीजीपी श्री कैलाश मकवाणा ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइबर अपराध एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव जैसे विषयों पर व्यापक अभियान चलाए गए हैं तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2026 में प्रदेश स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने की योजना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए गए जागरूकता अभियान तथा "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान को व्यापक जनसहभागिता मिली और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना प्राप्त हुई।

उन्होंने बताया कि मुस्कान अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 में विशेष प्रयासों से 14 हजार से अधिक लापता बालिकाओं को खोजकर परिजनों से मिलाया गया, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा 'संबल' से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया गया।



समापन सत्र को मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के सदस्य श्री ऋषि गर्ग (**IAS**), खेल एवं युवा कल्याण विभाग निदेशक श्री अंशुमान यादव (**IPS**) तथा नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (**NLIU**) भोपाल के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) एस. सूर्य प्रकाश ने भी संबोधित किया और न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त भोपाल श्री संजय कुमार (**IPS**) ने अपने संबोधन में नक्सल प्रभावित क्षेत्र बालाघाट में कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से समाज का विश्वास अर्जित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डीआईजी सामुदायिक पुलिसिंग डॉ. विनीत कपूर ने दो दिवसीय कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में हुई चर्चाओं, अनुभवों तथा सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्राप्त सुझावों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि फोरम का उद्देश्य पुलिस, सामाजिक कार्य संस्थाओं तथा अकादमिक जगत के बीच संवाद और सहयोग को सुदृढ़ करना है, जिससे समाज में न्याय और सुरक्षा की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (**UNFPA**) की प्रतिनिधि सुश्री कल्पना यादव द्वारा फोरम से प्राप्त प्रमुख सिफारिशों एवं निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया। उन्होंने पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सामुदायिक स्तर पर सुरक्षा और न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

वहीं कोडी यूनिवर्सिटी की डॉ. सारिका सिन्हा ने समुदाय, सामुदायिक पुलिसिंग और सामाजिक कार्य के बीच समन्वय के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों और नवाचारों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। **Just Right for Children** से जुड़ी सुश्री रचना त्यागी ने विभिन्न न्यायालयीन निर्णयों के माध्यम से हुए महत्वपूर्ण सुधारों की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशील दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पोक्सो (**POCSO**) से जुड़े मामलों में पीड़ित बच्चों के समर्थन के लिए सपोर्ट पर्सन की व्यवस्था तथा पुलिस थानों में पैरालीगल वॉलंटियर्स की नियुक्ति जैसे प्रावधानों का उल्लेख किया। फोरम में वर्ष 2019 में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (**NCRB**) और अमेरिका के नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन (**NCMEC**) के बीच हुए समझौता ज्ञापन का भी उल्लेख किया गया, जिसके माध्यम से लापता एवं शोषित बच्चों की पहचान और बचाव के लिए तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ किया गया है।

### कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत, होटल वालों की मुश्किलें बढ़ी

# होटल और ढाबों पर इंडक्शन चूल्हों का इस्तेमाल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत की वजह से होटल वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रही जंग के असर से गैस की सप्लाई बिगड़ गई है। अब हालात ये हैं कि घरेलू गैस के लिए भी महीने भर का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कमर्शियल सिलेंडरों पर तो एक तरह से रोक ही लग गई है।

गैस न मिलने के कारण अब होटल और ढाबों पर इंडक्शन चूल्हों का इस्तेमाल बढ़ गया है। बाजार में इंडक्शन की मांग इतनी ज्यादा है कि दुकानदारों के पास भी स्टॉक खत्म होने लगा है। कई होटल मालिकों ने तो अब बिजली वाली भट्टियां और कोयले के चूल्हे बुक करा दिए हैं ताकि धंधा न रुके।

सांसद भारती पारधी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में छिड़ी जंग की वजह से तेल और गैस आने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने सलाह दी है कि जब तक हालात ठीक नहीं होते, तब तक लोग बिजली या सौर ऊर्जा जैसे दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।

# अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 15 मार्च 2026 को आकस्मिक भ्रमण एवं जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि 15 मार्च को तहसील वारासिवनी अंतर्गत ग्राम जागपुर में वैनगंगा नदी से बिना वैधानिक अनुमति के खनिज रेत भरते हुए ट्रैक्टर क्रमांक MP-50-AA-2573 ट्रॉली सहित पकड़ा गया। मौके पर चालक शोभेलाल पिता बृजलाल ठाकरे, निवासी दीनी द्वारा रेत भरते पाया गया। इसी दौरान बालाघाट बस स्टैंड के पास एक अन्य ट्रैक्टर क्रमांक MP-50-ZA-9855 ट्रॉली सहित खनिज रेत का परिवहन करते पाया गया। मौके पर चालक जयदीप पिता फूलचंद लिल्हारे, निवासी भटेरा से रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज एवं रॉयल्टी पर्ची मांगी गई, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दोनों मामलों में वैध दस्तावेज एवं रॉयल्टी पर्ची न होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली को विधि अनुसार जप्त कर कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा परिसर में खड़ा कराया गया है।प्रकरण में मध्यप्रदेश (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़ितों ने थाने पहुंचकर की शिकायत, कानूनी कार्रवाई करने की रखी मांग

# गौ-तस्करी का आरोप लगाकर की अड़ीबाजी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के साप्ताहिक मवेशी बाजार से कृषि कार्य के लिए मवेशी खरीदकर लेकर जा रहे एक युवक पर गौतस्करी करने का कथित आरोप लगाकर उसके साथ अड़ीबाजी कर पैसों की मांग करने का मामला प्रकाश में आया है। अड़ीबाजी करने वाले दो लोगों पर इस पूरे मामले में पीड़ति का बचाव करने के लिए आने वाले अनुसूचित जाति समाज के एक युवक के साथ कथित तौर पर जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट का भी आरोप है। इस घटना के बाद पीड़तिों ने कटंगी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। टुईयापार निवासी पीड़ति आकाश कड़काड़े और मोहगांव निवासी मुकेश टांडेकर ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अतरी निवासी अंकित राहंगडाले और एक अन्य युवक ने अड़ीबाजी की जातिसूचक गाली-गलौज की और फिर मारपीट की है। घटना गत दिवस 13 मार्च दिन शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे ग्राम मोहगांव की बताई गई है। आकाश के मुताबिक वह अपने साथी जितेन्द्र के साथ कटंगी के साप्ताहिक मवेशी बाजार मवेशी खरीदने के लिए आया था। मवेशी खरीदकर पैदल मवेशी को हांकते हुए अपने घर की तरह वापस जा रहा था। इस दौरान मोहगांव में मुकेश टांडेकर के घर के बाजू में अंकित ने उसे रोका और बैलों की खरीदी-ब्रिक्री की पर्ची दिखाने कहा। आकाश के पर्ची दिखाने पर अंकित ने उसे कहा यह बैल कत्लखाने लेकर जा रहा है। 05 हजार रुपए देने पड़ेगे जब आकाश ने पैसा देने से इनकार किया तो अंकित और उसका साथी आकाश के बैलों के सामने अड़ गया। इस पूरी घटना के बीच में आकाश ने अपनी पहचान के मुकेश को घटनास्थल पर बुलाया। मुकेश को अंकित ने जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज कर मारपीट की है। इस पूरे मामले में अंकित ने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उन्होंने किसी प्रकार की जातिसूचक गाली-गलौज नहीं की है। वह पूर्व में मवेशी बाजार का ठेका चला रहे थे जिस व्यक्ति को रोका गया था वह मसला पुराने पैसों का है।

# वारासिवनी विकासखंड में 173 परीक्षा केन्द्रों में 2018 नवसाक्षरों ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 14 मार्च को आयोजित नव साक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा में वारासिवनी विकासखंड से 2018 परीक्षार्थी शामिल हुए। राष्ट्रीय स्तर पर संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से ऊपर के ऐसे नागरिक, जिन्होंने शिक्षा ग्रहण नहीं किया है या उनके पास शैक्षणिक योग्यता का कोई प्रमाण पत्र नहीं हैं, ऐसे व्यक्तियों को इस अभियान में शामिल कर अक्षर साथियों के माध्यम से सामाजिक चेतना केंद्र पर अक्षर पोथी के माध्यम से दैनिक जीवन उपयोगी साक्षरता एवं अंक ज्ञान की शिक्षा प्रदान कर साक्षर बनाने का कार्य किया जाता है। शासन की इस अनूठी पहल से असाक्षरों के जीवन स्तर में बदलाव हुआ है। वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत पूरे विकासखंड में 173 परीक्षा केंद्रों पर 2018 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों पर फूल, गुलदस्तों से सभी नवसाक्षरों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात नव साक्षरों द्वारा पर्चा हल किया गया। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर चाय, नाश्ता की भी व्यवस्था की गई थी। इस अभियान से निश्चित ही देश से असाक्षरता को दूर भगाने का कार्य किया जा रहा है और अक्षर साथी के रूप में देश के युवा साथी शिक्षा दान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

विकासखंड साक्षरता समन्वयक भोजराज पटले द्वारा बताया गया कि वारासिवनी विकासखंड के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सत्येंद्र सिंह शरणागत के नेतृत्व में पूरे विकासखंड के शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढक़र हिस्सा लिया और उनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो पाया। जिले द्वारा दिए गए 1700 के लक्ष्य के विरुद्ध 2018 परीक्षार्थी शामिल किए गए।

### खेल-संगीत के साथ हुआ कैलेंडर विमोचन

# वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक आकर्षक एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलों और स्पॉट प्रश्नों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मौसम बिसेन हरिनखेड़े उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

संभागीय अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 40 से 45 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चला, जिसमें महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के गेम्स, स्पॉट क्विज़ और संगीत कार्यक्रमों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा सभी प्रतिभागियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन भी मुख्य आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि द्वारा कैलेंडर का विमोचन करते हुए संस्था के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ आपसी संवाद और सहयोग को भी मजबूत करती हैं।

कार्यक्रम में जमुना बहन पटेल, मीनाबेन चावड़ा, आशा कांकरिया, वर्षा जैन, ममता पटेल, प्रीति खटोर, गीताबेन पटेल, मौष्मी पटेल, शीतल पटेल, प्रीटी सेठिया, वर्षा पटेल, लीना गुप्ता, रेखा रूसिया, मेघा पटेल, प्रीति पटेल, सरला बघेल, नीलिमा गुप्ता, ज्योति पटेल, अभिलाषा गुप्ता, शिवांगी रूसिया, अनु गोयंका, आरोही अवधवाल, अंजू, ज्योति मोर, श्वेता नाहटा, ममता, अंजलि, आरती मोदी, अंजली सोनी, काजल चावड़ा, ज्योति मोर, सीमा सोनी, राखी असाटी, रीता पटेल सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने चाय-नाश्ते का आनंद लिया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। महिला इकाई की पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# जबरन वसूली के आरोप में अंजली ट्रेवल्स के संचालक राजा कुकरेचा गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में जबरन वसूली के आरोप में अंजली ट्रेवल्स के संचालक राजा कुकरेचा को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस ने रविवार को आरोपी को उसके ट्रेव्हलर्स ले जाकर जांच की।

यह मामला मैनरोड स्थित एक जर्जर मकान से जुड़ा है, जिसके मालिक रमन गौतम हैं। इस मकान में राजा कुकरेचा अंजली ट्रेवल्स और धीरज जोतवानी मॉम्स किचन का संचालन करते हैं। मकान मालिक रमन गौतम मकान को तोड़ना चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने दोनों दुकानदारों से दुकानें खाली करने को कहा था।

रमन गौतम के अनुसार, दुकान खाली करने के एवज में धीरज जोतवानी 50 लाख रुपए और राजा कुकरेचा 42 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। इसके बाद रमन गौतम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि रमन गौतम की शिकायत पर अंजली ट्रेवल्स के संचालक राजकुमार उर्फ राजा कुकरेचा को मकान और दुकानों को अपने नाम रजिस्ट्री कराने के लिए जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मॉम्स किचन के संचालक धीरज जोतवानी से भी पूछताछ की जा रही है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी राजा कुकरेचा लोगों को ऊंचे ब्याज पर पैसे देकर कोरे स्टाम्प और चेक पर हस्ताक्षर कराता था, फिर उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर जमीन-मकान हड़पने, ब्लैकमेल करने और विवाद खड़ा करने जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ कोतवाली थाने में धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र, दस्तावेजों में कूट रचना, मारपीट और रेप जैसे गंभीर मामलों सहित कुल 5 अपराध पहले से दर्ज हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न पुलिस कार्यालयों में उसके विरुद्ध 12 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों में भूमि कब्जा, सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग, चेक का दुरुपयोग और झूठे दस्तावेज तैयार कर संपत्ति हड़पने जैसे आरोप शामिल हैं।

# घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते मिले 4 प्रतिष्ठान, 4 सिलेंडर जब्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग किए जाने पर नगरीय क्षेत्र बालाघाट में राजस्व तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा शनिवार को कार्रवाई करते हुए शहर के चार प्रतिष्ठानों से कुल 4 गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

जांच के दौरान पाया गया कि कुछ खाद्य प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए बालाजी चाइनीज एंड डोसा सेंटर (चौपाटी बालाघाट) के संचालक श्री नंदराम अहिरवार, संजू चाइनीज चौपाटी बालाघाट के संचालक श्री पंकज रोकड़े, इंदौर स्वीट्स कारखाना की संचालक सुश्री कासिस (पिता आशीष साहू) तथा बजरंग भोजनालय बालाघाट के संचालक श्री परमानंद शर्मा के यहां से एक-एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

जब्त किए गए सभी चार गैस सिलेंडरों को एचपी गैस एजेंसी बालाघाट की सुरक्षित अभिरक्षा में जमा करा दिया गया है। विभाग के अनुसार यह कार्रवाई पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के उल्लंघन के चलते की गई है। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विरुद्ध है और इस प्रकार के मामलों में आगे भी नियमित जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वैच्छिकता और सामूहिक श्रमदान से परसवाड़ाघाट नाले में किया गया बोरी बंधान

**बालाघाट।** जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परसवाड़ाघाट तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक व स्नातकोत्तर कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के संयुक्त श्रमदान से परसवाड़ाघाट नाले में बोरी बंधान किया गया। जल संचय अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वैच्छिकता और सामूहिक सहभागिता के साथ ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए नाले में विशाल बोरी बंधान बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। बोरी बंधान के पश्चात आयोजित संगोष्ठी में विकासखंड समन्वयक सुरेन्द्र कुमार भगत ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि सामूहिक स्वैच्छिक श्रमदान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढे सहित अन्य जल संरचनाओं का निर्माण तथा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही गांव-गांव में जनजागरूकता के लिए संगोष्ठी, चौपाल, बैठक, रैली और चर्चा का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं और प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी कई वर्षों से सामुदायिक सहयोग से पानी बचाने के लिए इस प्रकार के प्रयास कर रहे हैं। परामर्शदाता शालू राऊत ने बताया कि परिषद द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन के लिए सुरेन्द्र कुमार भगत द्वारा शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक सुरेन्द्र भगत, परामर्शदाता शालू राऊत, सामाजिक कार्यकर्ता ममता जाटव, अतीक्षा ऊके, प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 1 करोड़ 11 लाख 24 हजार 582 रुपये के अवार्ड व समझौता राशि प्राप्त हुई

# नेशनल लोक अदालत में 260 प्रकरणों का हुआ निराकरण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण व न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 शनिवार को तहसील न्यायालय वारासिवनी में कविता इवनाती विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के नेतृत्व में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यक्रम प्रातः साढ़े 10 बजे व्यवहार न्यायालय वारासिवनी के समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण के साथ ही पक्षकारों की उपस्थिति में विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी श्रीमती कविता इवनाती के करकमलों द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर पुष्प सुमन एवं प्रसाद अर्पित कर उद्घाटन किया गया।

नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में कुल 06 खण्डपीठों का गठन किया गया। जिसमें से खण्डपीठ क्र.15 के पीठासीन अधिकारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी प्रकरणों के 06 मामलों का निराकरण किया जाकर 21,30,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। हिन्दू विवाह से संबंधित 07 मामलों का निराकरण किया गया एवं अन्य सिविल अपील संबंधी 02 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार खण्डपीठ में कुल 15 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल 21,30,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता नारायण प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

खण्डपीठ क्र.16 के पीठासीन अधिकारी कमलेश मीणा प्रथम ज़िला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वारासिवनी की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 06 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 2575000/-रूपये की अवार्ड राशि प्राप्त की गई। परक्राम्य लिखत अधिनियम के अपील प्रकरणों में 16 प्रकरण निराकरण किया जाकर 411282/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। हिन्दू विवाह से संबंधित 02 मामलों का निराकरण किया गया। सिविल निष्पादनवाद का 02 प्रकरण निराकरण किया जाकर 1526560/-रू. की समझौता राशि प्राप्त की गई। इस प्रकार खण्डपीठ में कुल 26 मामलों का निराकरण किया जाकर 4512842/- रूपये समझौता राशि के रूप में प्राप्त किये गए। खण्डपीठ क्र. 17 के पीठासीन अधिकारी श्रीमती दिव्या सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की खण्डपीठ में आपराधिक शमनीय प्रकृति के प्रकरणों में 08 प्रकरण निराकृत हुये एवं चेक बाउंस के प्रकरणों में 01 प्रकरण का निराकरण किया जाकर 100000/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। अन्य सिविल प्रकृति का 01 प्रकरण निराकृत किया गया एवं विविध निष्पादनवाद की प्रकृति के 04 प्रकरण निराकृत हुए एवं 6,01,408/- की अवार्ड राशि प्राप्त की गई। इस प्रकार खण्डपीठ में 14 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 701408/- रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई।